पढे चलो . बढे चलो

# मासिक अभ्यास प्रश्न ( माह –जुलाई )

## सत्र 2024 – 25

## कक्षा – 12वी

## विषय – हिन्दी

स्टेट असेसमेंट सेल

लोक शिक्षण संचालनालय , म.प्र. ,भोपाल

**मासिक अभ्यास प्रश्न ,सत्र 2024 -25 (माह जुलाई )**
**कक्षा -12 वी**
**विषय –हिन्दी**

**शिक्षकों से अपेक्षा –**

- यह प्रश्न शैक्षणिक कैलेंडर में दिए मासिक पाठ्यक्रम पर आधारित हैं।
- प्रश्नों का अभ्यास माध्यमिक शिक्षा मंडल की अंक योजना को ध्यान में रखते हुए कराया जाए।
- इन प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न भी शिक्षक द्वारा तैयार कर कक्षा में अभ्यास कराया जाए।
- रिक्तस्थान दोनों ( उत्तर के दो/तीन विकल्प के साथ अथवा बिना किसी विकल्प के ) प्रकार से पूछे जा सकते हैं। विकल्प न होने की स्थिति में रिक्तस्थान के उत्तर पाठ्यक्रम के अनुसार दिए जाएँ ।
- उत्तरमाला शिक्षक स्वयं तैयार करें एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें।

**डिस्क्लेमर- यह प्रश्न अभ्यास मात्र के लिए हैं ,यह आवश्यक नहीं कि प्रश्नपत्र में यही प्रश्न पूछे जाएँगे।**

**आरोह भाग 2 (काव्यखण्ड )**
**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**
**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. हालावाद के प्रवर्तक कवि हैं–
   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) अज्ञेय (स) हरिवंश राय बच्चन (द) महादेवी वर्मा
2. 'दिन जल्दी जल्दी ढलता है' - गीत बच्चन के किस काव्य संग्रह से लिया गया है?
   (अ) मधुशाला (ब) मिलनयामिनी (स) निशा निमंत्रण (द) मधुकलश
3. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कब हुआ था?
   (अ) 1905 ई0 (ब) 1907 ई0 (स) 1909 ई0 (द) 1911 ई0
4. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कहाँ हुआ था?
   (अ) फैजाबाद (ब) इलाहाबाद (स) हैदराबाद (द) मुरादाबाद
5. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि किसका भार लिए फिरता है?
   (अ) कार्यालय का (ब) परिश्रम का (स) जग-जीवन का (द) असफलता का
6. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि जीवन में क्या लिए फिरता है?
   (अ) स्नेह (ब) करूणा (स) प्यार (द) दया
7. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि बच्चन किसका पान किया करते हैं ?
   (अ) जल का (ब) स्नेह-सुरा का (स) साँसों का (द) सत्य का
8. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि अपने रोदन में क्या लिए फिरता है?
   (अ) राग (ब) रास (स) राज (द) राम
9. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि स्वयं को दुनिया का एक नया क्या मानता है?
   (अ) प्रेमी (ब) दीवाना (स) परवाना (द) रक्षक
10. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि कैसा संसार लिए फिरता है?
    (अ) यथार्थ का ( ब) आदर्श का (स) स्वप्नों का (द) सत्य का
11. 'हो न जाए पथ में रात कहीं' सोच-सोच कर जल्दी-जल्दी कौन चलता है?
    (अ) कुत्ता (ब) पंथी (स) कवि (द) बाज
12. किसका ध्यान करके चिड़ियों के परों में चंचलता आ जाती है?
    (अ) बाज का (ब) साँप का (स) कौवे का (द) अपने बच्चों का
13. बच्चों की याद आने पर चिड़ियाँ क्या करती है?
    (अ) रोती है (ब) सोती हैं (स) तेजी से उडती हैं (द) इनमें से कोई नही
14. कवि आलोक धन्वा किस दशक के कवि हैं ?

(अ) तीसरे-चौथे दशक के (ब) चौथे-पॉचवें दशक के
(स) छठवें-सातवें दशक के (द) सातवें-आठवें दशक के

15. कवि आलोक धन्वा की पहली कविता है-
(अ) भीगी हुई लडकियाँ (ब) जनता का आदमी
(स) ब्रूनो की बेटियाँ (द) इनमें से कोई नहीं

16. कवि आलोक धन्वा का एक मात्र कविता संग्रह है -
(अ) भागी हुई लडकियाँ (ब) जनता का आदमी
(स) ब्रूनो की बेटियाँ (द) दुनिया रोज बनती है

17. पाठ्यक्रम में आई विषयवस्तु के आधार पर छत से गिरने और बचने के बाद बच्चे बन जाते हैं -
(अ) डरपोक (ब) निडर (स) ईमानदार (द) क्रोधी

18. 'पतंग' कविता किसके लिए प्रसिद्ध है?
(अ) प्रतीकों के लिए (ब) चित्र विधान के लिए
(स) बिम्ब विधान के लिए (द) व्यंग्यार्थ के लिए

19. पतंग उड़ाते बच्चे किसके सहारे स्वयं भी उड़ते से हैं?
(अ) फेंफडों के (ब) रंध्रों के (स) साहस के (द) शक्ति

**रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

1. मैं..........................मौजों पर मस्त बहा करता हूँ । (भव/भय)
2. मैं मादकता.............. लिए फिरता हूँ । (नि:शेष /विशेष)
3. 'मैं बना-बना कितने जग रोज मिटाता हूँ' में .................अलंकार है। (यमक/पुनरूक्ति प्रकाश)
4. कवि बच्चन .............. का ध्यान नहीं करते । (जग/पग)
5. संसार कवि के ..............को गाना कहता है । (हँसने /रोने)
6. दुनिया की सबसे रंगीन और हल्की .............. है। (स्वप्न/पतंग)
7. 'पतंग' की पतली कमानी.............. की बनी होती है। (लोहे की /बाँस की )

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. बच्चे किसकी प्रत्याशा में होंगे?
2. कवि बच्चन किसका गान करते हैं ?
3. 'भव-सागर' में कौन-सा अलंकार है?
4. कवि बच्चन किसका उन्माद लिए फिरते हैं ?
5. कपास कौन लाता है?
6. बच्चे निडरता के साथ किसके सामने आते हैं?
7. पतंगों के साथ-साथ कौन उड़ रहा है?

**सत्य /असत्य कथन लिखिए-**

1. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा दो खंडों में है।
2. हरिवंश राय बच्चन का निधन मुम्बई में 2003 में हुआ।
3. 'प्रवासी की डायरी' बच्चन की आत्मकथा है।
4. 'मधुशाला' बच्चन की प्रसिद्ध कृति है।
5. बच्चे प्रत्याशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे।
6. कवि बच्चन मंत्री का वेश लिए फिरते हैं।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

पद्य साहित्य का इतिहास

1. पद्य साहित्य से आप क्या है ? लिखिए।
2. हिन्दी पद्य साहित्य को कितने कालों में बाँटा गया है? नाम लिखते हुए समयावधि भी लिखिए।
3. भक्तिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए |
4. रीतिकाल को शृंगार काल क्यों कहा गया है? लिखिए।
5. रीतिकालीन दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक-एक रचना लिखिए।
6. छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |
7. प्रयोगवाद की कोई दो विशेषताएँ/ प्रवृत्तियाँ लिखिए।
8. प्रयोगवादी दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक-एक रचना का नाम लिखिए।
9. प्रगतिवादी दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक -एक रचना का नाम लिखिए।
10. प्रगतिवाद की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।
11. नई कविता की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।
12. नई कविता के दो कवि एवं उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

पाठ आधारित प्रश्न

1. कवि हरिवंश राय बच्चन के अनुसार जग किसे पूछता है और क्यों ?
2. कवि हरिवंश राय बच्चन अपने हृदय में किस तरह के भावों को रखे हुए हैं ?
3. कवि हरिवंश राय बच्चन को यह वास्तविक संसार अच्छा क्यों नहीं लगता ?
4. कवि हरिवंश राय बच्चन अपने मन में किस तरह का संसार लिए हुए हैं ?
5. कवि हरिवंश राय बच्चन स्वयं की जीवन शैली को संसार से अलग क्यों मानते हैं ?
6. यौवन के उन्माद के बारे में कवि क्या कहना चाहते हैं ? कवि किसकी यादों को अपने हृदय में समेटे हुए हैं?
7. सत्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए कवि हरिवंश राय बच्चन क्या कहना चाहता है ?
8. कवि हरिवंश राय बच्चन को किस बात का दुख है ? संसार के संबंध में वह क्या कहते हैं ?
9. प्यार की महत्ता दर्शाते हुए कवि हरिवंश राय बच्चन क्या कहते हैं ?
10. लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पथिक को किस बात का भय है ?
11. दिन भर का थका मांदा पाठक क्या चाहता है ?
12. हरिवंश राय बच्चन ने प्रकृति में क्या देखा है ? वह मन ही मन क्या सोच रहे हैं ?
13. जीवन रूपी मार्ग पर अग्रसर होते हुए कौन सी बात पथिक के हृदय में व्याकुलता को भर देती है
14. स्नेह- सुरा से क्या आशय है ?
15. कवि हरिवंश राय बच्चन इस संसार में अपने जीवन को क्या मानते हैं ? उनके जीवन में प्रेम कैसे आया ?
16. सांसों के तारों से कवि हरिवंश राय बच्चन का क्या अभिप्राय है ?
17. कवि हरिवंश राय बच्चन संसार एवं स्वयं के संबंध के संबंध के बारे में में क्या बताते हैं ?
18. 'आत्म परिचय कविता' में कवि ने अपने व्यक्तित्व के किन पक्षों को उभारा है ?

## व्याकरण -

लघु उत्तरीय प्रश्न -

1. रस की परिभाषा देते हुए उसके भेद लिखिए।
2. रस के प्रमुख अंग कौन-कौन से हैं?
3. रस निष्पत्ति में सहायक तत्व के नाम लिखिए।
4. स्थायी भाव किसे कहते हैं?

5. संचारी भाव किसे कहते हैं ?किन्ही दो संचारी भाव के नाम बताइए?

6. करुण रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

7. वीर रस के लक्षण लिखिए।

8. रस के आवश्यक तत्व कौन -कौन से हैं? लिखिए।

9. विभाव किसे कहते हैं?

10. अनुभाव के भेद लिखिए।

11. विभाव और अनुभाव में अंतर लिखिए।

12. स्थायी भाव और संचारी भाव में अंतर लिखिए।

13. आलंबन विभाव और उद्दीपन विभाव में अंतर लिखिए।

14. अलंकार की परिभाषा एवं भेद लिखिए।
15. अलंकारों के प्रकार लिखिए।
16. सांगरूपक अलंकार की परिभाषा लिखिए।
17. सांगरूपक अलंकार के प्रकार लिखिए।
18. संदेह अलंकार की परिभाषा उदहारण सहित लिखिए।
19. भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा लिखिए।
20. विरोधाभास अलंकार की परिभाषा लिखिए।
21. व्यतिरेक अलंकार की परिभाषा लिखिए।
22. भाव पल्लवन कीजिए –

i. सभी को अपने-अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है।

ii. जरा और मृत्यु दोनों ही जगत के प्रमाणित सत्य हैं।

iii. आँखों में हो स्वर्ग, लेकिन पाँव पृथ्वी पर टिके हों

iv. युग परिवर्तन की आहट पाने वाले युग निर्माता होते हैं

24 निम्नलिखित कथन का सार संक्षेपण में लिखिए-

" जिस व्यक्ति को अपने देश की भाषा का ज्ञान नहीं है, अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं का परिचय नहीं, अपने देश की कला के प्रति आदर नहीं है और जो अपनी धार्मिक,आध्यात्मिक, निधि से गौरवान्वित नहीं है,वह निश्चित तौर पर नर नहीं, नर पशु है"।

25 कंप्यूटर शिक्षकों की आवश्यकता हेतु एक विज्ञापन बनाइए।

26 स्वास्थ्य लाभ कर रहे रोगी और उनके डॉक्टर के बीच संवाद लिखिए।

27 विलंब से कक्षा में पहुंचने पर शिक्षक -छात्र -संवाद लिखिए।

## आरोह भाग 2 ( गद्यखण्ड )

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. 'भक्तिन' पाठ किस विधा में लिखा गया है ?

   अ कहानी ब. आलेख स. रेखाचित्र द. लेख

2. 'जिठौत' शब्द का अर्थ है-

   अ बड़ा भाई ब. ससुर का पुत्र स. जेठ का पुत्र द. देवर का पुत्र

3. भक्तिन का वास्तविक नाम था -

अ मीरा ब. राधा स. लछमिन द. सरस्वती

4. भक्तिन गले में पहनती थी-

अ मणिमाला ब. कंठी माला स. मोती माला द. सोने की माला

5. महादेवी वर्मा का जन्म वर्ष है-

अ 1905 ब. 1906 स. 1907 द. 1908

6. 'यामा' काव्य–संग्रह है-

अ मीराबाई का ब. महादेवी वर्मा का

स. सुमद्रा कुमारी चौहान का द. जयशंकर प्रसाद का

7. 'बाजार दर्शन' पाठ के लेखक हैं-

अ. धर्मवीर भारती ब. जैनेन्द्र कुमार

स. विष्णु खरे द. महादेवी वर्मा

8. 'परख' उपन्यास के लेखक हैं -

अ हजारी प्रसाद द्विवेदी ब. प्रेमचंद

स. यशपाल द. जैनेन्द्र कुमार

9. 'बाजार दर्शन' पाठ की विधा है-

अ निबंध ब. कहानी स.रेखाचित्र द.संस्मरण

10. पर्चेजिंग पावर का अर्थ है-

अ सामान ब. खरीदने की शक्ति स.अग्रिम राशि द. इच्छा

11. बाजार का जादू चढ़ने का अर्थ है-

अ आकर्षक वस्तुएँ ब. उपहार की वस्तुएँ

स.उधार की वस्तुएँ द. उपहार की वस्तुएँ

12. 'बाजार दर्शन' पाठ का केंद्रीय भाव है-

अ बाजारवाद ब. राजनीति स.धर्म द. समाज

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. भक्तिन का कद ............ था। (छोटा/बड़ा)
2. 'भक्तिन' पाठ की लेखिका ............ हैं। (महोदवी वर्मा/रजिया सज्जाद जहीर)
3. जीवन के दूसरे परिच्छेद में ............ अधिक है। (सुख/दुख)
4. रोटियाँ अच्छी सेकने के प्रयास में बहुत अधिक ............ हो गई है। (खरी/नरम)
5. मेरे भ्रमण की एकांत साथिन ............ ही रही है। (भक्तिन/महादेवी)
6. मेरे पास वहाँ जाकर रहने के लिए ............ नहीं है। (रुपया/मकान)
7. भक्तिन और मेरे बीच में ............ का संबंध है। (सेवक-स्वामी /लेनदेन)
8. 'त्याग पत्र' उपन्यास के लेखक .............. हैं। (जैनेन्द्र कुमार/प्रेमचंद)
9. परिमित शब्द का अर्थ .............. होता है। (सीमित/असीमित)

10. बाजार में एक .............. है। (खेल/जादू)

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1 रोटियाँ अच्छी सेकने के प्रयास में बहुत अधिक खरी हो गई है।

2 गन्ने के पके हुए गाढ़े रस को क्या कहा जाता है?

3. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था?

4. लेखिका महादेवी वर्मा की भ्रमण की साथिन कौन रहीं हैं ?

5. महादेवी वर्मा की एक गद्य रचना का नाम लिखिए।

6. भक्तिन और लेखिका महादेवी वर्मा के बीच कैसा संबंध है?

7. जेठ का पुत्र क्या कहलाता है?

8. 'बाजार दर्शन' किस विधा में लिखा गया है।

9. 'खेल' कहानी के लेखक कौन हैं?

10. जैनेन्द्र कुमार का जन्म किस सन में हुआ था?

11. चूरन बेचने का काम कौन करता था?

12. पर्चेजिंग पावर से क्या आशय है?

13. 'बाजार दर्शन' पाठ के लेखक कौन हैं ?

**सत्य /असत्य कथन लिखिए-**

1. भक्तिन देहातिन थी।
2. भक्तिन का कद लम्बा था।
3. महादेवी वर्मा छायावादी कवयित्री हैं।
4. 'अतीत के चलचित्र' महादेवी वर्मा की रचना है।
5. 'भक्तिन' महादेवी का संस्मरणानात्मक रेखाचित्र है।
6. भक्तिन का जीवन संघर्षशील रहा है।
7. 'बाजार दर्शन ' पाठ की रचनाकार महादेवी वर्मा हैं।
8. जैनेन्द्र कुमार उपन्यासकार हैं।
9. खरीदने की शक्ति को ही लेखक ने पर्चेजिंग पावर कहा है।
10. 'त्याग पत्र' मनोवैज्ञानिक उपन्यास है।
11. जैनेन्द्र कुमार का जन्म सन 1905 में हुआ था।
12. 'अपना-अपना भाग्य ' कहानी के रचयिता प्रेमचंद हैं।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

**गद्य की विधाएँ**

1. कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए |
2. रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए |

3. जीवनी और आत्मकथा में कोई दो अंतर लिखिए |
4. नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए |
5. निबंध को गद्य की कसौटी क्यों कहा जाता है ?
6. शुक्लयुग के गद्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |
7. द्विवेदीयुग के गद्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |
8. गद्य की विधाओं को प्रमुख एवं गौण विधाओं में वर्गीकृत करके लिखिए |
9. निबंध किसे कहते हैं ? किन्हीं दो निबंधकारों एवं उनके दो-दो निबंधों के नाम लिखिए|

**पाठ आधारित**

1. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था? वह अपने इस नाम को क्यों छुपाती रही?
2. नौकरी की खोज में आई भक्तिन ने अपने वास्तविक नाम लछमिन का उपयोग न करने की बात लेखिका महादेवी से क्यों कही?
3. लगान न चुकाने पर जमींदार ने भक्तिन को क्या सजा दी?
4. लेखिका महादेवी वर्मा के अनुसार भक्तिन के जीवन का परम कर्तव्य क्या था?
5. लेखिका महादेवी वर्मा की मनोदशा समझने में भक्तिन किस प्रकार प्रवीण थी?
6. 'भक्तिन और मेरे बीच में सेवक-स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है।' लेखिका महादेवी वर्मा ने ऐसा क्यों कहा?
7. भक्तिन के आ जाने से महादेवी देहाती कैसे हो गई?
8. 'भक्तिन की कहानी अधूरी है ' लेखिका महादेवी ने ऐसा क्यों कहा?
9. माया कौन जोड़ता है? 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर लिखिए ?
10. 'पर्चेजिंग पावर' से का क्या आशय है?
11. बाजार का जादू क्या है? वह कैसे काम करता है?
12. लेखक जैनेन्द्र कुमार के पड़ोस में रहले वाले भगत जी क्या काम करते हैं?
13. बाजार एक जादू है? लेखक जैनेन्द्र कुमार ने ऐसा क्यों कहा?
14. बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?
15. लेखक जैनेन्द्र कुमार के अनुसार 'बाजारूपन' से क्या तात्पर्य है?
16. 'बाजार किसी का लिंग, जाति, धर्म या क्षेत्र नहीं देखता 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर बताइये ?
17. 'स्त्रियों द्वारा माया जोड़ना प्रकृति प्रदत्त नहीं, बल्कि परस्थितिवश है' पठित पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए?
18. नकली सामान के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आप क्या कर सकते हैं?सूची बनाकर लिखिए।

## वितान भाग-2

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. 'सिल्वर वैडिंग ' पाठ के लेखक हैं -

(अ) मनोहर वर्मा (ब) मनोहर श्याम जोशी

(स) श्याम मनोहर जोशी (द) फणीश्वर नाथ रेणु

2. यशोधर बाबू अपना आदर्श मानते थे -

(अ) अपने साले को (ब) अपनी पत्नी को (स) भूषण को (द) किशनदा को

3. यशोधर बाबू मूलतः रहने वाले थे -

(अ) दिल्ली के (ब) आगरा के (स) कुमाऊं के (द) आगरा के

4. यशोधर बाबू सर्वप्रथम किस पद पर नियुक्त हुए?

(अ) बॉय सर्विस (ब) क्लर्क (स) सहायक क्लर्क (द) सेक्शन ऑफिसर

5. यशोधर का पूरा नाम है -

(अ) यशोधर बाबू (ब) ए. डी. पंत (स) वाई. डी. पंत (द) ओ. डी. पंत

6. लेखक ने यशोधर बाबू को किशन दा का कौन-सा पुत्र कहा है ?

(अ) मानस पुत्र (ब) दत्तक पुत्र (स) नाजायज पुत्र (द) पुत्र

7. यशोधर बाबू किस तरह के जीवन के पक्षधर थे ?

(अ) बनावटी (ब) धार्मिक (स) मौज-मस्ती (द) सादगी पूर्ण

8. यशोधर बाबू के विवाह की वर्षगांठ थी-

(अ) 20 वी (ब) 25 वी (स) 30 वी (द) 40 वी

9. यशोधर बाबू अपनी पत्नी तथा बच्चों से चाहते थे -

(अ) पैसा (ब) सम्मान (स) परंपराओं का पालन (द) मुक्ति

10. मराठी भाषा में लिखी 'जूझ' कहानी का हिंदी अनुवाद किया-

(अ) श्याम मनोहर जोशी ने (ब) ओम थानवी ने

(स) केशव प्रथम वीर ने (द) ऐन फ्रेंक ने

11. आनंद के मराठी अध्यापक का नाम था -

(अ) रणनवरे (ब) वामन पंडित (स) न.व. सौंदलगेकर (द) दत्ताजी राव

12. कहानी का शीर्षक 'जूझ' का अर्थ है -

(अ) संघर्ष (ब) चालाकी (स) मेहनत (द) कठिनाई

13. 'जूझ' रचना किस भाषा में लिखी गई है?

(अ) मराठी (ब) गुजराती (स) ब्रज (द) अवधी

14. 'जूझ' कहानी का लेखक पढ़ना क्यों चाहता है?

(अ) ज्ञान के लिए (ब) नौकरी के लिए (स) विद्वान बनने के लिए (द) कवि बनने के लिए

15. 'जूझ' कहानी से लेखक की किस प्रवृत्ति का उद्घाटन हुआ?

(अ) पढ़ने की प्रवृत्ति का (ब) कविता करने की प्रवृत्ति का

(स) लेखन प्रवृत्ति का (द) संघर्षमयी प्रवृत्ति का

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. आप लोगों की देखा-देखी सेक्शन की घड़ी भी .............हो गई है।(सुस्त/गतिशील)
2. 'सिल्वर वैडिंग ' के कथानायक.......... को अपना आदर्श मानते थे।(किशनदा/गिरीश)
3. मनोहर श्याम जोशी का जन्म ............... में हुआ। (9 अगस्त, सन् 1933 को राजस्थान के अजमेर/15 अगस्त, सन् 1940 को राजस्थान के अजमेर)
4. किशन दा ने यशोधर बाबू को ................उधार भी दिए।(सौ रुपए/पचास रुपए)
5. 'सिल्वर बैंडिंग' में भूषण ने अपने पिता को उपहार में............ दिया। (ऊनी ड्रेसिंग गाउन/ ऊनी स्वेटर)
6. 'सिल्वर वैडिंग ' कहानी में प्रमुख पात्र यशोधर पंत (वाई.डी.पंत) की शादी के............ का वर्णन है।(पच्चीसवीं सालगिरह/ पैंतालीसवीं सालगिरह)
7. यशोधर बाबू ने दफ्तर से लौटते हुए रोज............ जाने की रीति अपनाई। (बिड़ला मंदिर/सांई मंदिर)
8. यशोधर बाबू मूल रूप से............... के रहने वाले थे। (गोरखपुर/ कुमाऊं)
9. 'दिनमान 'साप्ताहिक हिंदुस्तान पत्रिका के संपादक जोशी जी का निधन............ को हृदय गति रुक जाने से हुआ। (30 मार्च, सन् 2006/ 15 मार्च, सन 2008)
10. यशोधर बाबू का तीसरा बेटा स्कॉलरशिप लेकर............ चला गया। (अमेरिका/इंग्लैंड)
11. लेखक आनंद यादव की माँ धूप में........... थाप रही थी।(कंडे/ईंट)
12. सौंदलगेकर ...............भाषा के शिक्षक थे। (अंग्रेजी/ मराठी)
13. आनंद यादव का पूरा नाम............ था। (आनंद रतन यादव/अजय रघु यादव)
14. 'जूझ' कहानी लड़ते-जूझते किसान मजदूरों के...............की झांकी है।(संघर्ष /मिलाप)
15. 'जूझ' कहानी में लेखक के घर कोल्हू............ के बाद शुरू होता था।(दशहरे/ दिवाली)
16. देसाई के बाड़े का बुलावा दादा के लिए........... की बात थी।(सम्मान/अपमान)
17. 'जूझ' कहानी में लेखक अध्यापक............. की प्रेरणा से कवि बन गए। (सौंदलगेकर/आनंद कुमार यादव)
18. 'जूझ' .........गद्य की विधा के अंतर्गत आती है। (कहानी/ जीवनी)
19. मंत्री मास्टर............ पढ़ाते थे। (गणित/मराठी)
20. शर्त के अनुसार पाठशाला जाने से पहले आनंदा को सवेरे..... तक खेत में काम करना होता था। (11 बजे/12 बजे)
21. कहानी 'जूझ' एक ..... ........की झाँकी है। (एक ग्रामीण किसान की शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष/ एक शिक्षक के शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए -**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | 'भक्तिन' | क आलोक धन्वा |
| ii. | 'बाज़ार दर्शन' | ख महादेवी वर्मा |
| iii. | 'सिल्वर वैडिंग' | ग मनोहर श्याम जोशी |
| iv. | 'जूझ' | घ आनंद यादव |
| v. | 'पतंग' | ड. जैनेन्द्र कुमार |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1. किशनदा का वास्तविक नाम क्या था?

2. यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा किस स्कूल से पास की थी?
3. रोजी-रोटी की तलाश में आए यशोधर पंत को किसने शरण दी?
4. यशोधर बाबू अपनी पत्नी तथा बच्चों से क्या चाहते थे?
5. किशन दा यशोधर को क्या कहकर बुलाते थे?
6. 'जूझ' उपन्यास के हिंदी अनुवादक का नाम लिखिए।
7. आनंद यादव का मन किस बात के लिए तड़पता था?
8. लेखक आनंद यादव और उसकी मां किसके पास गए?
9. पाठशाला जाने की बात लेखक ने सबसे पहले किससे की?
10. मंत्री मास्टर लेखक को क्या कहकर पुकारने लगे?
11. 'जूझ' कहानी मुख्यत: लेखक की किस प्रवृत्ति को उजागर करती है?

**सत्य/ असत्य लिखिए -**

1. यह घड़ी मुझे शादी में मिली थी। हम पुरानी चाल के हमारी घड़ी पुरानी चाल की। अरे यही बहुत है कि अब तक राइट टाइम चल रही।

2. लेखक मनोहर जोशी ने यशोधर बाबू को किशनदा का मानस पुत्र कहा है।

3. 'सिल्वर वैडिंग' यह उत्सव विवाह के 25 वर्ष होने पर मनाया जाता है।

4. यशोधर बाबू को बेटे भूषण की 'शब्जी लेने जाया करें' वाली बात चुभ गई।

5. यशोधर बाबू की शादी 6 फरवरी 1957 को हुई थी।

6. यशोधर बाबू की पत्नी अक्सर बच्चों का ही साथ देती थी।

7. यशोधर बाबू गोल मार्केट से सेकेट्रिएट तक स्कूटर से आते जाते थे।

8. श्री मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

9. यशोधर बाबू जीवन में मौज मस्ती के पक्षधर थे।

10. यशोधर बाबू ने पाजामा कुर्ते पर ऊनी ड्रेसिंग गाउन पहना।

11. मनोहर श्याम जोशी ने हम लोग, बुनियाद, मुंगेरीलाल के हसीन सपने, हमराही एवं जमीन-आसमान जैसे धारावाहिक लिखे।

12. 'जूझ' कहानी गोदान उपन्यास का अंश है।

13. मंत्री नामक मास्टर प्राय: छड़ी का प्रयोग नहीं करते थे।

14. लेखक आनंद यादव ने कक्षा पाँचवी  में दाखिला लिया।

15. सौंदलगेकर मास्टर कविता बहुत ही अच्छे ढंग से पढ़ाते थे।

16. लेखक आनंद यादव ने पढ़ाई के लिए सबसे पहले अपनी माँ से बात की।

17. कविताओं के साथ खेलते हुए लेखक आनंद को दो बड़ी शक्तियाँ  प्राप्त हुईं।

18. लेखक आनंद यादव  के पिता का नाम रत्नाप्पा था।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

1. सिल्वर वैडिंग का आयोजन क्यों हुआ था?

2. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि आपके जीवन को दिशा देने में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है?

3. जब सब्जी लेकर यशोधर बाबू घर पहुँचे तो उनकी दशा कैसी थी?

4. यशोधर बाबू किससे जुड़े थे और क्यों?

5. यशोधर बाबू की पत्नी अपने बच्चों का साथ क्यों देती है?

6. अपने आसपास के सुविधाजनक और आधुनिक साधनों के बारे में लिखिए, इन साधनों को बुजुर्ग क्यों पसंद नहीं करते हैं?

7. यशोधर बाबू ने किशनदा से जिन जीवन मूल्यों को पाया था वह आपके लिए भी कैसे उपयोगी हो सकते हैं?

8. यशोधर बाबू के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

9. फ्रिज के संबंध में यशोधर बाबू के क्या विचार हैं?

10. सौंदलगेकर के अध्यापन की दो विशेषताएँ लिखिए, जिन्होंने लेखक के मन में कविता के प्रति रुचि जगाई।

11. कविता लिखने के बाद 'जूझ' कहानी के लेखक किसे अपनी कविता सुनाते थे?

12. 'जूझ' कहानी के प्रमुख पात्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

13. 'जूझ' कहानी के लेखक के जीवन संघर्ष के उन बिंदुओं पर प्रकाश डालिए जो आपके लिए प्रेरणादायी हैं।

14. 'जूझ' शीर्षक के औचित्य पर अपने विचार लिखिए ।

15. क्या आपने कभी कविताएँ लिखी हैं? यदि हाँ तो इसकी प्रेरणा आपको किससे मिली?

16. किसी भी विषय पर एक कविता लिखकर अपनी कक्षा में सुनाइए।

17. 'जूझ' कहानी के आधार पर आपको कौन-कौन से जीवन मूल्य ग्रहण करने की प्रेरणा मिलती है?

## अभिव्यक्ति और माध्यम

1. रेडियो और टीवी की भाषा में कौन -कौन सी सावधानी रखनी चाहिए?
2. इंटरनेट की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
3. इंटरनेट की प्रमुख सीमाएँ अथवा दोष लिखिए।
4. इंटरनेट पत्रकारिता क्या है?
5. एक अच्छे लेखन के लिए ध्यान देने योग्य कौन -कौन सी बातें हैं?
6. पत्रकारीय लेखन क्या है?
7. पत्रकारीय लेखन की भाषा कैसी होनी चाहिए?
8. समाचार लेखन के छह ककार कौन-कौन से हैं?
9. फीचर कैसे लिखा जाता है ? लिखिए ।
10. विशेष रिपोर्ट किसे कहते हैं ? लिखिए ।
11. संपादकीय लेखन क्या है? लिखिए ।
12. स्तंभ लेखन क्या है? लिखिए ।

13. संपादक के नाम पत्र क्या है? समझाइए।

14. एक सफल साक्षात्कार कर्ता के कौन-कौन से गुण होते हैं?

15. प्रमुख जनसंचार माध्यम कौन-कौन से हैं?

16. मुद्रित माध्यम में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य बातें कौन-कौन सी हैं?

17. रेडियो के लिए समाचार लेखन संबंधी बुनियादी बातें कौन-कौन सी हैं?

18. जनसंचार के विभिन्न माध्यमों की कमियाँ एवं विशेषताएँ लिखिए।

19. टीवी खबरों के विभिन्न चरण कौन-कौन से हैं ?

20. लाइव से आप क्या है ? क्या आपने स्वयं कभी अपने विद्यालय में लाइव रिपोर्टिंग की है ?अगर की है तो उसका विवरण अपने शब्दों में लिखिए?

21. इंटरनेट क्या है भारत में इंटरनेट की शुरुआत कब हुई ?हिंदी का नेट संसार कैसा है? अपनी पुस्तक अभिव्यक्ति एवं मध्यम के आधार पर लिखिए।

22. श्रोताओं या पाठकों को बांधकर रखने की दृष्टि से प्रिंट माध्यम रेडियो और टीवी में से सबसे सशक्त माध्यम कौन-सा है ?पक्ष और विपक्ष में तर्क दीजिए

23. इंटरनेट पत्रकारिता सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध कराता है, परंतु इसके साथ ही उसके कुछ दुष्परिणाम भी हैं। उदाहरण सहित इन दुष्परिणामों के बारे में लिखिए।

24. एक अच्छा समाचार कैसे लिखा जा सकता है?

25. संपादकीय लेखन क्या है इसमें किस प्रकार की बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए?

26. साक्षात्कार या इंटरव्यू का क्या अर्थ है ? एक साक्षात्कार में किन-किन बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए?

27. अपने विद्यालय और मोहल्ले के आसपास की समस्याओं पर नजर डालिए ,जैसे -पानी की कमी, विद्यालय में बिजली की कटौती ,खराब सड़कें , सफाई की दुर्व्यवस्था , इनमें से किन्हीं दो विषयों पर रिपोर्ट तैयार कर अपने शहर के समाचार पत्र में भेजें।

28. आप समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर कौन -से 6 समाचार / सुर्खियां/ शीर्षक देखना चाहेंगे ? उन्हें लिखिए।

---